SHAHEED DALBIR SINGH GOVT. COLLEGE
KHARKHODA (SONIPAT)
NAAC Accredited B++ Grade
College Code: SNP001 gckharkhoda@gmail.com
Website: sdsgckharkhoda.ac.in gckharkhodainformation@gmail.com
Postal Address: V.P.O. Pipli, Tehsil-Kharkhoda, District-Sonipat (Haryana) 131402

## आउटरीच 2024-25

महाविद्यालय के आउटरीच प्रकोष्ठ ने आउटरीच प्रभारी किरन सरोहा एवं एल. ए. सुधीर के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित आणविक जीव विज्ञान, माइक्रोब्योम विश्लेषण मत्स्य विज्ञान में ज्ञान वर्धन हेतु 12 विद्यार्थियों के एक दल ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर राम किशन नेगी ने विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

महाविद्यालय में 6 मार्च, 2025 को अंतर महाविद्यालय जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा राज्य सहकारी विकास महासंघ लिमिटेड के सहयोग से 'सतत विकास ओर प्रगति में सहकारी संस्थाओं की भूमिका' विषय पर अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया । जिसमें 10 टीमों ने भागीदारी की । इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों में सहकारी संस्थाओं के विषय में ज्ञानवर्धन करना था ताकि भविष्य में वे क्षेत्रवासियों को इससे लाभान्वित करने में मदद कर सके । इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा निशु बी°ए° तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

महाविद्यालय में 18 मार्च, 2025 से आचार एवं जूट संबंधित वस्तुओं के निर्माण संबंधित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शिविर चलाए गए जिसमें हरकोफेड का सहयोग रहा । इसमें 30 विद्यार्थियों एवं पिपली गाँव की महिलाओं ने भागीदारी की । इस कार्यक्रम का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत में सहयोग करना है । इसके अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा निर्मित सामान की परदर्शनी लगाई गई ।

महाविद्यालय में 23 अक्टूबर, 2024 को विद्यार्थी दीपावली मेले में खानपान के स्टॉल के अतिरिक्त राजस्थानी सामग्री, पानीपत के कंबल एवं प्रसाधन सामग्री दीपावली से संबंधित सजावटी सामान एवं दीयो की स्टाल लगाई जिसमें पीपली गांव के साथ आसपास के अन्य ग्रामवासियों ने सिरकत्त की व स्टाल लगाकर कमाई करने के गुर विद्यार्थियों से सीखे। इस मेले में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया, निशा, शिवानी, रोमा, पुष्पा, परी, जन्नत, ईशा, पिंकी, पूजा, वैशाली, शीतल, तनु, नेहा, यश, अनु, कविता, व शिवम ने भाग लिया। पीपली की महिला सरपंच श्रीमती सोनिया ने गांव की महिलाओं के साथ मेले में सिरकत की।

महाविद्यालय में 3 फरवरी, 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैदपुर के 19 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया जिसमें विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्रयोगशालाओ, स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, खेल के मैदान एव परिसर में अजित इंडस्ट्रीज द्वारा संचालित परिधान निर्माण का दौरा करवा कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

**SHAHEED DALBIR SINGH GOVT. COLLEGE**
**KHARKHODA (SONIPAT)**
***NAAC Accredited B++ Grade***

**College Code:** SNP001 gckharkhoda@gmail.com
Website: sdsgckharkhoda.ac.in gckharkhodainformation@gmail.com
**Postal Address:** V.P.O. Pipli, Tehsil-Kharkhoda, District-Sonipat (Haryana) 131402